स्कूल ऑफ़ कंप्यूटर साइंस एवं आईटी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्यनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि https://forms.gle/rWKtiZhYwZaFbFG59 पर अपने प्रोजेक्ट से सम्बंधित Project synopsis report विश्वविद्यालय को दिनांक 25/01/2025 तक उपलब्ध कराएँ| परिक्षण के उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा संस्तुत प्रोजेक्ट का विवरण विद्यार्थियों को ईमेल के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी| मांगी गयी जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराये जाने पर भविष्य में प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय के द्वारा अस्वीकार्य किये जाने की दशा में विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे|

प्रोजेक्ट बनाने के लिए विद्यार्थी/ स्टडी सेण्टर निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें:

प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही बनाया जाये|

प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करने से पूर्व प्रोजेक्ट रिपोर्ट को प्रोजेक्ट गाइड एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर से अग्रसारित कराना अनिवार्य है| प्रोजेक्ट रिपोर्ट में प्रोजेक्ट गाइड एवं सेंटर कोऑर्डिनेटर के हस्ताक्षर न होने की दशा में में विश्वविद्यालय द्वारा प्रोजेक्ट रिपोर्ट अस्वीकृत कर दिए जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे|

विद्यार्थी यह सुनिश्चित करें की विश्वविद्यालय को प्रेषित प्रोजेक्ट रिपोर्ट की छायाप्रति न हो अपितु ओरिजिनल प्रिंटआउट हों| छायाप्रति प्राप्त होने के दशा में प्रोजेक्ट अस्वीकार कर दिया जायेगा|

विद्यार्थी अपने स्टडी सेण्टर पर अपनी प्रोजेक्ट रिपोर्ट जमा करेंगे| प्रोजेक्ट गाइड एवं सेण्टर कोऑर्डिनेटर अपने स्तर पर सुनिश्चित करने के पश्चात कि प्रोजेक्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, प्रोजेक्ट रिपोर्ट पर अपने हस्ताक्षर दर्ज करेंगे|

प्रोजेक्ट गाइडलाइन्स विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है| विद्यार्थी सभी दिशा – निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें|

स्टडी सेण्टर विद्यार्थियों से प्राप्त प्रोजेक्ट रिपोर्ट की सूची बनाकर विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे| किसी भी दशा में विश्वविद्यालय को दिनांक 28/02/2025 तक प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्राप्त हो जानी चाहिए ताकि समय पर मुल्यांकन कराया जा सके| विश्वविद्यालय को समय पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट न उपलब्ध कराये जाने पर विद्यार्थी/ स्टडी सेण्टर स्वयं उत्तरदायी होंगे |